# PTET-2011 (Pre B.Ed.) - हल प्रश्न पत्र

|स्मृति पर आधारित|

## भाग - अ : मानसिक योग्यता

**निर्देश (1-5) : दिये गये विकल्पों में से संबंधित अक्षरों/शब्द/संख्या को चुनिये-**

1. **नींद (निद्रा) : आराम (विश्राम) :: खेल : ?**
(1) आनन्द (2) अधिगम (सीखना)
(3) चोट (4) विजेता (सर्वजेता) **(1)**

2. **बेंगची (छुछ मछली) : मेंढक :: शावक : ?**
(1) साही (कांटा चूहा) (2) सिंह
(3) बिल्ली (4) कुत्ता **(2)**

3. **CHAIR : RIAHC :: TABLE : ?**
(1) BATLE (2) EBATL
(3) ELBAT (4) ELTAB **(3)**

4. **7 : 48 :: 12 : ?**
(1) 143 (2) 84
(3) 121 (4) 112 **(1)**

5. **ABCD : WXYZ :: EFGH : ?**
(1) STUV (2) STOU
(3) STUE (4) TSUV **(1)**

**निर्देश : वह आरेख चुनिए जो दिए वर्गों के बीच सम्बन्ध का सही निरूपण करता है।**

6. **विश्व, भारत, राजस्थान**



**(4)**

**निर्देश (7-12) : दिये गये विकल्पों में से विषम शब्द/अक्षर/संख्या ज्ञात कीजिए।**

7. (1) CMF (2) JKN
(3) AJI (4) HDP **(3)**

8. (1) 064 (2) 208
(3) 316 (4) 118 **(1)**

9. (1) मील (2) सेंटीमीटर
(3) लीटर (4) गज **(3)**

10. (1) 36 (2) 62
(3) 84 (4) 108 **(1)**

11. (1) बस (2) स्कूटर
(3) साइकिल (4) नौका **(4)**

12. (1) लोहा (2) प्लास्टिक
(3) पीतल (4) ताँबा **(2)**

13. **दी गई अक्षर शृंखला के खाली स्थानों पर क्रम से रखने पर निम्नलिखित में से कौनसा अक्षर सेट उसे पूरा करेगा?**
**bca .... b .... aabc .... a .... caa**
(1) cbab (2) bacc
(3) acab (4) babb **(3)**

**निर्देश (14-18) : एक अनुक्रम दिया गया है जिसमें एक (या अधिक) पद लुप्त है। दिये गये विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए, जो अनुक्रम को पूरा करे।**

14. **16, 17, 14, 15, 12, 13, ....? .... , .... ? ....**
(1) 10, 11 (2) 14, 11
(3) 11, 13 (4) 12, 15 **(1)**

15. **2, 5, 10, .... ? .... , 26**
(1) 19 (2) 21 (3) 17 (4) 25 **(3)**

16. **A, C, F, J, O, ..... ? ..... B**
(1) I (2) H (3) U (4) D **(3)**

17. **14, 21, 30, 41, 54, .... ? ....**
(1) 61 (2) 73 (3) 69 (4) 70 **(3)**

18. **BDF, .... ? ...., PRT, WYA**
(1) GJK (2) HKL (3) IKM (4) IJK **(3)**

19. **यदि बीते कल से पहला दिन बुधवार था, तो रविवार कब होगा?**
(1) आज से 3 दिन बाद
(2) आने वाले कल
(3) आज
(4) आने वाले कल से अगला दिन **(4)**

20. **16 लड़कों की एक पंक्ति में, जब प्रकार को बाईं ओर दो स्थान स्थानांतरित किया (खिसकाया) गया, तो वह बाएँ से सातवाँ हो गया। पंक्ति के दाईं ओर से उसकी पूर्व स्थिति (प्रारम्भिक स्थान) क्या थी?**
(1) सातवाँ (2) आठवाँ
(3) नवाँ (4) दसवाँ **(2)**

21. **M और F एक विवाहित दंपती है। (जिसमें M पति है) A और B बहनें है। A, F की बहन है। B, M की क्या लगती हैं?**
(1) बहन (2) साली
(3) भतीजी (4) पुत्री **(2)**

22. **एक पिता और पुत्र की वर्तमान आयु का योगफल 70 वर्ष है। 10 वर्ष बाद पुत्र की आयु अपने पिता की आयु की ठीक आधी होगी। अब उनकी आयु कितनी है?**
(1) 45 वर्ष, 25 वर्ष (2) 50 वर्ष, 20 वर्ष
(3) 47 वर्ष, 23 वर्ष (4) 50 वर्ष, 25 वर्ष **(2)**

23. **राम उत्तर की ओर मुँह करके खड़ा है। वह सीधे 10 किमी. चलता है, फिर बाएँ मुड़कर 15 किमी. सीधे जाता है और अंत में बाएं घूमकर 10 किमी. जाता है। अब वह प्रारम्भिक स्थान से कितनी दूर है?**
(1) 10 किमी (2) 5 किमी
(3) 12 किमी (4) 15 किमी **(4)**

24. **27 छोटे घनों से मिलकर बने एक ठोस घन के दो विपरीत फलक लाल, दो विपरीत फलक पीले और दो अन्य फलक सफेद रंगे हुए हैं। कितने छोटे घन केवल पीले और सफेद रंगे हुए हैं?**
(1) 4 (2) 8 (3) 12 (4) 16 **(1)**

25. **एक पेड़ पर पाँच पक्षी बैठे हैं। कबूतर, तोते के दाहिनी ओर है। गोरैया, तोते से ऊपर है। कौवा, कबूतर से दायीं ओर है। सारस, कौवे से नीचे है। कौन-सा पक्षी बीच में है?**
(1) कौवा (2) कबूतर
(3) तोता (4) गौरेया **(2)**

26. **दो वर्ष पूर्व एक माता की आयु अपने पुत्र से चौगुनी थी। अब से 6 वर्ष बाद उसकी आयु अपने पुत्र की आयु के दोगुने से 10 वर्ष अधिक होगी। उनकी आयु का वर्तमान अनुपात क्या है?**
(1) 2 : 1 (2) 38 : 11 (3) 19 : 7 (4) 3 : 1 **(2)**

27. **यदि HONESTY को ABCXZDQ लिखा जाता है, तो उसी कूटभाषा में TONY किस प्रकार लिखा जा सकता है?**
(1) DBCQ (2) QDCX
(3) CBXZ (4) CQDC **(1)**

28. **सुमित अपने घर से उत्तर की ओर 3 किमी. चला। फिर वह दाहिने मुड़कर 2 किमी. चला और फिर दायें मुड़कर 5 किमी. चला और फिर दायें मुड़कर 2 किमी. चला और अन्त में दायें मुड़कर 2 किमी. चला। अब वह फिर दिशा की ओर जा रहा है?**
(1) उत्तर (2) दक्षिण
(3) पश्चिम (4) पूर्व **(1)**

29. **यदि B = 2, MAT = 34 तो JOGLEX = ?**
(1) 70 (2) 71 (3) 72 (4) 73 **(4)**

30. **यदि '+' का अर्थ है भाग, '×' का अर्थ है, जोड़ना, '–' का अर्थ है गुणा करना, '÷' का अर्थ है घटाना, तो निम्नलिखित में से कौनसा समीकरण सही है?**
(1) $36 - 6 + 3 \times 5 \div 3 = 74$
(2) $36 \times 6 + 7 \div 2 - 6 = 20$
(3) $36 + 6 - 3 \times 5 \div 3 = 24$
(4) $36 \div 6 + 3 \times 5 - 3 = 45$ **(1)**

31. **यदि 1 × 10 = 9, 2 × 10 = 18, 3 × 10 = 27, तो 8 × 10 = क्या है?**
(1) 36 (2) 72 (3) 78 (4) 52 **(2)**

32. **निम्नलिखित में लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए-**

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 8 | 7 |
| 2 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 3 |
| 60 | 64 | ? |

(1) 68 (2) 49 (3) 39 (4) 126 **(4)**

33. **यदि किसी दर्पण को रेखा MN पर रखा जाए, तो दी गई उत्तर आकृतियों में से कौनसी आकृति प्रश्न आकृति का सही दर्पण प्रतिबिम्ब होगी?**
**प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**



**(2)**

34. **निम्नलिखित में से कौनसी आकृति कुत्ता, जानवर, पालतू के बीच संबंध को दर्शाती है?**



**(3)**

Maharath Academy

35. **निम्नलिखित में से किस उत्तर आकृति द्वारा प्रश्न आकृति पूरी होती है?**
**प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**




**(1)**

36. **चार उत्तर आकृतियों में से, कौनसी आकृति नीचे प्रश्न आकृति में दिये, गए टुकड़ों से बनाई जा सकती है?**
**प्रश्न आकृति**



**उत्तर आकृतियाँ**




**(2)**

37. **प्रश्नसूचक चिन्ह के स्थान पर कौनसी संख्या आयेगी?**
**1, 4, 9, 16, 25, 36, 49, ?**
(1) 72 (2) 64 (3) 56 (4) 108 **(2)**

38. **यदि NOIDA को 39658 के रूप में लिखा जाता है तो INDIA को कैसे लिखा जायेगा?**
(1) 63568 (2) 65368
(3) 56389 (4) 36568 **(1)**

39. **यदि किसी कूटभाषा में FORGET को DPPHCU लिखा जाता है तो उसी भाषा में DOCTOR को कैसे लिखा जायेगा?**
(1) BPAUPS (2) BPAUMS
(3) BPMURS (4) EMOPMR **(2)**

40. **बेमेल युग्म को छांटिये-**
(1) 196 (2) 132 (3) 3253 (4) 282 **(1)**

41. **यदि एक माह का तीसरा शनिवार 20वाँ दिन है तो माह का 11वाँ दिन कौनसा होगा?**
(1) शुक्रवार (2) शनिवार
(3) बृहस्पतिवार (4) बुधवार **(3)**

42. **निम्न शृंखला का लुप्त पद होगा-**
**3, 6, 18, 72, ......**
(1) 144 (2) 216 (3) 288 (4) 360 **(4)**

43. **REMOVE, REGION, REGARD, RENDER, RECALL में से कौनसा शब्द अंग्रेजी शब्दकोश में अंत में आयेगा?**
(1) REMOVE (2) REGION
(3) RENDER (4) RECALL **(3)**

44. **निम्नलिखित चित्र में वर्गों की अधिकतम संख्या है-**



(1) 10 (2) 9 (3) 14 (4) 13 **(3)**

45. **3 के विपरीत सतह पर कौनसी संख्या है?**




(i) (ii) (iii) (iv)
(1) 2 (2) 4
(3) 5 (4) 6 **(2)**

46. **सुनीता कुछ दूरी तय करने के बाद बाएँ मुड़ जाती है और कुछ दूरी तय करने के बाद पुनः बाएँ मुड़ जाती है। यदि फिर दाएँ मुड़ने से उसका मुँह दक्षिण दिशा की ओर हो, तो बताइये उसने किस दिशा की ओर मुँह करके चलना प्रारम्भ किया था?**
(1) पूर्व (2) पश्चिम
(3) उत्तर (4) दक्षिण **(2)**

47. **प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




**(2)**

48. **यदि दक्षिण-पश्चिम उत्तर हो जाता है तो उत्तर-पूर्व क्या हो जायेगा?**
(1) उत्तर (2) उत्तर–पश्चिम
(3) दक्षिण–पश्चिम (4) दक्षिण **(4)**

49. **एक व्यक्ति का परिचय देते हुए एक महिला ने कहा, उसकी पत्नी मेरी इकलौती पुत्री है, तो बताओ कि उस व्यक्ति का उस महिला से क्या सम्बन्ध है?**
(1) चाचा (2) भाई
(3) दामाद (4) पिता **(3)**

50. **प्रश्नवाचक चिन्ह के स्थान पर क्या आयेगा?**




(1) 48 (2) 6 (3) 12 (4) 24 **(2)**

## भाग-ब : शिक्षण अभिवृत्ति एवं अभिरुचि परीक्षण

51. **मुझे शिक्षण व्यवसाय की सबसे अच्छी बात लगती है-**
(1) उच्च वेतनमान (2) छुट्टियों का बाहुल्य
(3) विद्यार्थियों के जीवन निर्माण का अवसर
(4) अपने ज्ञान का उपयोग करने का अवसर **(3)**

52. **प्राथमिक शिक्षा से सम्बन्धित संवैधानिक वचन बद्धता है-**
(1) 14 वर्ष की आयु तक के सब बच्चों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना
(2) और अधिक विद्यालय खोलना
(3) अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए आरक्षण
(4) प्रत्येक बच्चे के लिए घर के पास प्राथमिक विद्यालय उपलब्ध कराना **(1)**

53. **अच्छा शिक्षक वह है जो-**
(1) समय पर कोर्स समाप्त करता है
(2) इस बात से आश्वस्त हो जाता है कि उसने जो पढ़ाया है उसे सब विद्यार्थी समझ गए हैं
(3) कक्षा में सिखाए ज्ञान को नई परिस्थितियों में काम में लेने का प्रशिक्षण अपने विद्यार्थियों को देता है
(4) अपने विद्यार्थियों को नोट्स लिखवाता है **(3)**

54. **बालक की नींव प्राथमिक स्तर के अध्यापक द्वारा निर्मित होती है। अतः उसका कार्य है-**
(1) बोझिल (2) सरल
(3) कठिन (4) महत्त्वपूर्ण **(4)**

55. **शिक्षण व्यवसाय के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है-**
(1) अध्ययनशीलता
(2) ऊँची सिफारिशें
(3) शिक्षण अभिवृति
(4) उच्च अंकों का प्रतिशत **(3)**

56. **अच्छे मानवीय सम्बन्ध बनाने का सबसे अच्छा तरीका है-**
(1) दूसरों की भावनाओं को समझना
(2) मित्रों को उनके कठिन समय में सहायता करना
(3) हमेशा अपनी समस्याओं के बारे में दूसरों को बताना
(4) मित्रों से बार–बार मिलते रहना **(1)**

57. **मैं किसी चीज को प्राप्त करने में जब असफल हो जाता हूँ, तब मैं-**
(1) अपने आपको कोसता हूँ
(2) असफलता को बुरा भाग्य मानता हूँ
(3) विपरीत परिस्थितियों को दोष देता हूँ
(4) अपनी कमजोरी का विश्लेषण कर अगले प्रयास में उन्हें दूर करने की चेष्टा करता हूँ **(4)**

58. **"विद्यालय समाज का एक छोटा रूप है।" यह कथन है-**
(1) आंशिक असत्य (2) आंशिक सत्य
(3) सत्य (4) असत्य **(3)**

59. **"कक्षा शिक्षण में हार्डवेयर तकनीकी के प्रयोग से पूर्व अध्यापक को पाठ्यवस्तु (विषयवस्तु) को विस्तारपूर्वक स्पष्ट करना चाहिए।" यह कथन है-**
(1) आंशिक सत्य (2) सत्य
(3) आंशिक असत्य (4) असत्य **(2)**

60. **यदि मेरा बेटा भाई किसी बात को एक या दो बार समझाने पर भी नहीं समझता, तो मैं-**
(1) नाराज हो जाता हूँ
(2) उसे समझाना छोड देता हूँ
(3) परिवार के अन्य सदस्य को उसे समझाने को कहता हूँ
(4) पुनः प्रयास करता हूँ व किसी अन्य तरीके से समझाता हूँ **(4)**

Maharath Academy

61. मैं ऐसे लोगों को सहन नहीं कर सकता, जो-
(1) कम बुद्धिमान है
(2) कमजोर आर्थिक–सामाजिक परिवेश से आए हैं
(3) चालाक है
(4) अपना काम समय पर नहीं करते (4)

62. आपने एक शिक्षक बनना क्यों तय किया-
(1) मैं ट्यूशन करके बहुत धन कमा सकता हूँ
(2) मैं अपने स्वयं के बच्चों को पढ़ा सकता हूँ
(3) शिक्षण कार्य मुझे अत्यधिक प्रिय है
(4) मैं कोई अन्य नौकरी नहीं पा सकता (3)

63. आपके मतानुसार एक शिक्षक का मौलिक गुण है-
(1) हंसमुख स्वभाव
(2) आकर्षक वेशभूषा
(3) अच्छा व्यक्तित्व
(4) शिक्षण विधियों का ज्ञान (3)

64. अच्छे शिक्षण संस्था के निर्माण के लिए आवश्यक होती है-
(1) बहुत अधिक धन की
(2) उच्च शैक्षणिक योग्यता वाले अध्यापकों की
(3) उच्च तनख्वाह प्राप्त अध्यापकों की
(4) अत्यधिक समर्पित भाव वाले अधपकों की (4)

65. यदि मैं प्रधानाध्यापक हूँ और विद्यार्थी मेरे पास किसी अध्यापक की शिकायत करते हैं, तो मैं-
(1) तुरन्त उस अध्यापक के खिलाफ कार्यवाही करूंगा
(2) दूसरे अध्यापकों से पूछने के बाद कार्यवाही करूंगा
(3) छात्रों को अध्यापक के विरुद्ध शिकायत करने के लिए डांट दूंगा
(4) सही तथ्यों का पता लगाने के बाद तय करूंगा कि क्या करना है (4)

66. मैं नियमित कक्षाएँ लेता हूँ, क्योंकि-
(1) मेरे प्रधानाध्यापक बहत सख्त आदमी है
(2) मुझे इसके लिए तनख्वाह मिलती है
(3) मुझे इसमें आनन्द मिलता है
(4) ऐसा न करने पर कहीं मेरे विद्यार्थी मेरी शिकायत न कर दें (3)

67. कक्षा में शिक्षण हेतु प्रवेश करने से पूर्व मैं-
(1) चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से कुछ देर बाद बुलाने के लिए कहूंगा
(2) दर्पण में अपना चेहरा निहारूंगा
(3) आज के पाठ की शिक्षण सहायक सामग्री साथ लेकर जाऊंगा
(4) अपनी पाठ योजना व्यवस्थित करूंगा (4)

68. एक शिक्षक होने के नाते क्या आप अपने पुत्र को शिक्षक बनने को कहेंगे-
(1) नहीं, क्योंकि इस व्यवसाय में कुछ नहीं रखा है
(2) हाँ, यदि वह स्वेच्छा से इसके लिए सहमत होता है
(3) कह नहीं सकते (4) हाँ (2)

69. जब बच्चे झगड़ते हैं तो बड़ों को-
(1) बीच में पड़ना चाहिए
(2) बीच में नहीं पड़ना चाहिए
(3) ध्यान रखना चाहिए
(4) दूसरे बच्चों के माता–पिता के पास जाकर उनकी शिकायत करनी चाहिए (3)

70. मेरा सबसे अच्छा मित्र वह है, जो-
(1) सदैव मेरी प्रशंसा करता है
(2) सदैव मेरी आलोचना करता है
(3) दूसरों के सामने मेरी प्रशंसा करता है और अकेले में मुझे मेरी कमियाँ बताता है
(4) दूसरों के सामने मेरी प्रशंसा करता है और आलोचना भी करता है (3)

71. शिक्षण पारस्परिक क्रिया है-
(1) शिक्षक और माता–पिता के मध्य
(2) छात्र और शिक्षक के मध्य
(3) छात्र और छात्रा के मध्य
(4) शिक्षक और शिक्षक के मध्य (2)

72. समाज में सामाजिक परिपक्वता प्राप्त करने हेतु शिक्षक को सामाजिक मनोविज्ञान का ज्ञान होना आवश्यक है-
(1) कुछ नहीं कहा जा सकता
(2) सम्भवतः
(3) नहीं (4) हाँ (4)

73. आपकी कक्षा में यदि सभी विद्यार्थी सही जवाब नहीं दे रहें हैं, तो आप क्या करेंगे-
(1) उनको सजा देंगें (2) उनकी अवहेलना करेंगें
(3) उनके माता–पिता से शिकायत करेंगें
(4) कक्षा में पाठ को दोहरायेंगे (4)

74. जब मेरा बेटा मेरे पास अपने गृहकार्य की कुछ समस्या लेकर आता है, तो मैं-
(1) उस समस्या को तुरन्त हल कर देता हूँ
(2) नाराज हो जाता हूँ
(3) उसे किसी दूसरे व्यक्ति के पास भेज देता हूँ
(4) उसे कुछ सुझाव दे देता हूँ ताकि वह उस समस्या का हल स्वयं कर सके (4)

75. विद्यार्थी बहुत नाराज हो जाते हैं, जब-
(1) उन्हें कम अंक मिलते हैं
(2) उनके मित्रों को अच्छे अंक मिलते हैं और उन्हें नहीं
(3) बहुत से विद्यार्थियों को कम अंक मिलते हैं
(4) उनके उत्तर के सही होने पर भी उन्हें कम अंक दिए जाते हैं (4)

76. भाषा शिक्षक होने के नाते आपका प्रमुख कर्त्तव्य क्या है?
(1) गलत उच्चारण करने पर छात्र को दंड देना
(2) उच्चारण का अभ्यास करवाना
(3) गलत उच्चारित करने वाले शब्दों को लिखवाना
(4) उसे सही उच्चारण बताना (4)

77. अध्यापक को अपने विद्यार्थियों को समाज में उचित स्थान दिलवाने हेतु क्या करना चाहिए-
(1) उन्हें अनुशासित बनाये
(2) उनके सामाजिक दृष्टिकोण का विकास करे
(3) अधिक शिक्षण कराये
(4) परिवार व समाज की सम्पूर्ण जानकारी एवं पृष्ठ–भूमि बताये (2)

78. आपके मतानुसार एक अच्छा शिक्षक जाना जाता है जो विद्यार्थियों-
(1) में उच्च आदर्शों का अनुकरण करने की प्रकृति का विकास कर सके
(2) को आज्ञाकारी बनाये
(3) को ट्यूशन के लिए प्रेरित कर सके
(4) में स्वतंत्र चिन्तन पैदा करने की क्षमता रखता है (4)

79. पर्यावरण प्रदूषण को रोकने का सर्वोत्तम तरीका है-
(1) अपने स्वयं के घर को साफ करना
(2) जो प्रदूषण फैला रहे हैं उनके विरुद्ध उपयुक्त अधिकारी से शिकायत करना
(3) जो प्रदूषण फैला रहे हों, उन्हें समझाकर रोकना
(4) समुदाय में पर्यावरण को साफ रखने की चेष्टा जाग्रत करना (4)

80. प्रजातंत्र में-
(1) सबको समान अवसर मिलना चाहिए
(2) केवल योग्य व्यक्तियों को ही अवसर मिलना चाहिए
(3) सरकार को तय करना चाहिए कि किसको क्या अवसर मिले
(4) प्रत्येक को उसकी योग्यता अनुसार अवसर मिलना चाहिए (4)

81. आपके मतानुसार "सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम" अभिमुखीकरण का अच्छा उपाय (विधा) है। यह कथन है-
(1) अनिश्चित (2) असत्य
(3) सत्य (4) आंशिक सत्य (3)

82. बच्चे सबसे अधिक रुचि लेते हैं-
(1) सुनने में (2) देखने में
(3) करने में (4) बोलने में (3)

83. अच्छा अधिगम निर्भर करता है-
(1) विद्यार्थियों की सीखने की स्वेच्छा पर
(2) शिक्षक पर
(3) प्रभावी शिक्षण तकनीक पर
(4) आकर्षक कक्षा कक्ष पर (3)

84. यदि मेहमानों के सामने कोई बच्चा अपने माता-पिता के निर्देशों को नहीं मानता, तो माता-पिता को-
(1) बच्चे को दण्डित करना चाहिए
(2) बेइज्जत हुआ अनुभव करना चाहिए
(3) नाराज हो जाना चाहिए
(4) उसे यह समझाते हुए छोड़ देना चाहिए कि यह तो बाल स्वभाव है (4)

85. यदि मैं प्रधानाध्यापक हूँ और मेरे विद्यालय के आस-पास के समुदाय पर कोई आपदा आ जाती है, तो मैं-
(1) विद्यार्थियों को हमेशा की तरह चलाऊंगा
(2) अपने सभी छात्रों एवं अध्यापकों को राहत कार्य के लिए ले जाऊंगा
(3) छात्रों से कुछ धन एकत्रित कर राहत कार्य के लिए समुदाय में बांट दूंगा
(4) बड़े छात्रों को कुछ शिक्षकों के साथ राहत कार्य के लिए ले जाऊंगा और छोटे विद्यार्थियों एवं कुछ शिक्षकों को विद्यालय में छोड़कर उनके शिक्षण की व्यवस्था कराऊंगा (4)

86. एक बालिका की शिक्षा संपूर्ण परिवार की शिक्षा होती है।
(1) सदैव (2) प्रायः
(3) संभवतः (4) कदापि नहीं (1)

87. माता-पिता का ध्यान आकर्षित करने के लिए बालक उद्दंडता करने लगता है, क्योंकि-
(1) वह इकलौता है
(2) माता–पिता का वात्सल्य उस पर अधिक है
(3) माता–पिता उसके लिए समय नहीं निकाल सकते
(4) अनसुलझी समस्या (4)

88. चुनावों में, मैं-
(1) हर हालत में अपना मत डालता हूँ
(2) वोट नहीं डालता
(3) वोट डालने जाता हूँ, यदि कोई मेरे लिए वाहन की व्यवस्था करता है
(4) समय मिलने पर ही वोट डालता हूँ (1)

Maharatha Academy

89. **मुझे वह परिस्थिति सबसे अच्छी लगती है, जब मुझे-**
(1) किसी कार्यक्रम की अध्यक्षता करने को कहा जाए
(2) पुस्तक मेले में जाकर मेरी पसंद की पुस्तक खरीदने का अवसर दिया जाए
(3) किसी समूह को कोई बात समझाने की जिम्मेदारी दी जाए
(4) घर पर रहकर आराम करने को कहा जाए **(3)**

90. **एक शिक्षक को अपने सहकर्मियों के साथ किस प्रकार की अभिवृत्ति होनी चाहिए-**
(1) नकारात्मक (2) आलोचनात्मक
(3) सहयोगात्मक (4) रचनात्मक **(3)**

91. **आपके मतानुसार सीखने हेतु आवश्यक है-**
(1) अध्यापक द्वारा प्रोत्साहन
(2) सामान्य समझ
(3) जिज्ञासा
(4) पढ़ने (अध्ययन) की आदत **(3)**

92. **मुझे उन बच्चों पर गुस्सा आता है, जो-**
(1) कक्षा में बहुत बोलते हैं
(2) कक्षा में शरारत करते हैं
(3) दिया हुआ गृहकार्य नहीं करते
(4) दूसरे बच्चों को काम नहीं करने देते **(4)**

93. **यदि आपके शहर में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच होने जा रहा है और अधिकांश बच्चे उसे देखना चाहते हों, तो आप उस दिन-**
(1) रोज की तरह विद्यालय चलायेंगे
(2) विद्यालय में अवकाश घोषित करेंगे
(3) सभी बच्चों को अध्यापकों की देख-रेख में मैच देखने भेजेंगे
(4) विद्यालय में बच्चों को पढ़ाई के महत्व को समझाकर कक्षाएं चलायेंगे **(4)**

94. **"सूक्ष्म शिक्षण का उद्देश्य छात्राध्यापकों के मध्य शिक्षण कौशल का विकास करना है।" यह कथन है-**
(1) कुछ नहीं कहा जा सकता
(2) आंशिक सत्य
(3) असत्य
(4) सत्य **(4)**

95. **आप अपने विद्यार्थियों को सदैव परम्परागत विधि से पढ़ाते हैं, चूँकि इसमें आपको विशेष चिन्तन की आवश्यकता नहीं रहती-**
(1) आंशिक नहीं (2) प्रायः नहीं
(3) नहीं (4) हाँ **(2)**

96. **मुझे जिन अध्यापकों ने पढ़ाया था, उनमें से मुझे वह अध्यापक सबसे अधिक अच्छा लगता है, जिसने-**
(1) मुझे अच्छे अंक दिए
(2) मुझे कोई कठोर बात नहीं कही
(3) मेरी कठिनाईयों को समझकर उन्हें हल करने हेतु अतिरिक्त समय दिया
(4) अपने विषय के अच्छे ज्ञान को प्रदर्शित किया **(3)**

97. **हमारे समाज की निम्नलिखित समस्याओं में से कौनसी समस्या सबसे अधिक शिक्षा से सम्बन्धित है?**
(1) वृद्ध व्यक्तियों की समस्या
(2) धार्मिक सहिष्णुता
(3) बढ़ता पाश्चात्य प्रभाव
(4) संयुक्त परिवार का टूटना **(3)**

98. **शिक्षा सबके लिए उपलब्ध हो सके, इसके लिए सबसे अच्छा उपाय है-**
(1) और अधिक विद्यालय खोले जाएं
(2) सभी बच्चों को विद्यालय में लाया जाए
(3) खुले विद्यालय स्थापित हों
(4) गरीब बच्चों को आर्थिक सहायता दी जाए **(2)**

99. **आपके मतानुसार कक्षा सम्प्रेषण कैसा होना चाहिए-**
(1) कठिन (2) सामान्य
(3) रोचक (4) व्यापक **(4)**

100. **आपकी राय में अन्तरवैयक्तिक संबंधों का आधार है-**
(1) विचारों की समानता
(2) क्षेत्रवाद
(3) शिक्षा (4) रुपया-पैसा **(1)**

## भाग-स : हिन्दी

101. **यदि पढ़े होते तो यह दशा न होती। अर्थ की दृष्टि से यह किस प्रकार का वाक्य है-**
(1) जातिवाचक (2) गुणवाचक
(3) व्यक्तिवाचक (4) संकेत वाचक **(4)**

102. **शुद्ध वाक्य है-**
(1) देश में अराजकता बढ रही है।
(2) देश की अराजक बढ़ रही है।
(3) देश से अराजकता बढ़ती है।
(4) देश की अराजकता बढ़ रहे हैं। **(1)**

103. **"मैं कलम से लिखता हूँ।" इस वाक्य में 'से' किस प्रकार कारक की विभक्ति है-**
(1) कर्ता कारक (2) सम्प्रदान कारक
(3) अधिकरण (4) करण कारक **(4)**

104. **'जिसकी उपमा न हो' - के लिए लिए उपयुक्त शब्द है-**
(1) परामप (2) अनुमप
(3) उपम (4) विपम **(2)**

105. **'पानी' का अनेकार्थक शब्द नहीं हैं-**
(1) आब (2) जीवट
(3) इज्जत (4) पार्श्व **(4)**

106. **अगज से तात्पर्य है-**
(1) गधा (2) घोड़ा
(3) हाथी (4) ऊँट **(3)**

107. **'मनुष्य जाति से परे' - के लिए उपयुक्त शब्द है-**
(1) रूपेतर (2) मानवेतर
(3) उत्तरोत्तर (4) इतरेतर **(2)**

108. **'कुछ और कहो।' इस वाक्य में 'और' का किस रूप में प्रयोग हुआ है-**
(1) तत्सम (2) सर्वनाम
(3) कारक (4) संज्ञा **(2)**

109. **किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है-**
(1) श्रूतानुश्रुत (2) श्रुतानूश्रूत
(3) श्रुतानुश्रुत (4) श्रतानुश्रुत **(3)**

110. **शुद्ध वाक्य है-**
(1) सर टॉमस रो को जहाँगीर को उपहार दिया।
(2) सर टॉमस रो को जहाँगीर से उपहार दिया।
(3) सर टॉमस रो से जहाँगीर को उपहार लिया।
(4) सर टॉमस रो ने जहाँगीर को उपहार दिया। **(4)**

111. **'अच्छा आप आ गए।' इस वाक्य में 'अच्छा' का प्रयोग किस रूप में हुआ है-**
(1) विस्मयादिबोधक (2) नकारात्मक
(3) प्रश्नवाचक (4) साधारण सूचक **(1)**

112. **'स्थावर' का विलोम शब्द है-**
(1) वर्जन (2) जंगम
(3) वितल (4) सुगम **(2)**

113. **'अशोक' शब्द का अनेकार्थक शब्द है-**
(1) चौसर के पासे (2) एक नदी का नाम
(3) एक वृक्ष (4) चन्द्रमा **(3)**

114. **'आलोकधन्वा' शब्द में कौन-सा समास है-**
(1) कर्मधारय (2) बहुव्रीहि
(3) द्विगु (4) अव्ययीभाव **(2)**

115. **'गरल' का विलोम शब्द है-**
(1) कपास (2) वस्त्र
(3) जल (4) सुध **(4)**

116. **'जिसकी प्रभा बिजली के समान हो' के लिए कौन-सा एक शब्द उपयुक्त है-**
(1) कनघाप्रभ (2) अमृतप्रभ
(3) विद्युतप्रभ (4) कामप्रभ **(3)**

117. **अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-**
(1) तात्कालिक (2) अंतर्धान
(3) तत्कालिक (4) कामप्रभ **(3)**

118. **'आम' शब्द का अनेकार्थक शब्द है-**
(1) रसाल (2) कली
(3) कर्पूर (4) ईख **(1)**

119. **गुणवाचक विशेषण है-**
(1) घाटा (2) घमंड
(3) बगावत (4) पुराना **(4)**

120. **'अर्पण' का विलोम शब्द है-**
(1) तर्पण (2) ग्रहण
(3) नृशंस (4) निर्मोही **(2)**

121. **'अब्ज' शब्द का अनेकार्थक शब्द है-**
(1) वायस (2) गाय
(3) इक्षु (4) कमल **(4)**

122. **'अंतर' शब्द का अनेकार्थक शब्द है-**
(1) अन्तिम (2) अंताक्षरी
(3) अंतर्धान (4) अन्तरिक्ष **(3)**

123. **'पेड़ से पत्ते गिरते हैं' वाक्य में 'से' कौन-सा कारक है-**
(1) कर्म (2) सम्प्रदान
(3) अपादान (4) करण **(3)**

124. **पुल्लिंग शब्द है-**
(1) गाय (2) बकरी
(3) श्यामा (4) ऊन **(4)**

125. **'ऊतर गई लोई तो क्या करेगा कोई' लोकोक्ति का अर्थ है-**
(1) लज्जारहित व्यक्ति का और अधिक बेशर्म हो जाना।
(2) लज्जायुक्त व्यक्ति को शर्म आना।
(3) लज्जाशील मनुष्य की लज्जा उतरना।
(4) लज्जारहित मनुष्य से डरना। **(1)**

126. **अव्यय शब्द है-**
(1) सुरभि (2) झटपट
(3) भवन (4) गहरा **(2)**

Maharath Academy

127. 'हेरम्ब' का पर्यायवाची शब्द है-
(1) एकदन्त (2) काकुल
(3) अमर्ष (4) कृतार्थ (1)

128. 'नौलखा' का समास विग्रह है-
(1) नौ रुपये मूल्य का
(2) नब्बे रुपये मूल्य का
(3) नौ लाख रुपये मूल्य का
(4) नौ हजार रुपये मूल्य का (3)

129. 'सतसई' शब्द में कौन-सा समास है-
(1) द्विगु (2) कर्मधारय
(3) बहुव्रीहि (4) अव्ययीभाव (1)

130. 'ओप' का पर्यायवाची शब्द है-
(1) कवि (2) छवि
(3) रवि (4) ऋणी (2)

131. 'मिठास' शब्द क्या है-
(1) व्यक्तिवाचक संज्ञा (2) गुणवाचक संज्ञा
(3) जातिवाचक संज्ञा (4) भाववाचक संज्ञा (4)

132. 'पचास बोरी गुड़ की भिजवा देना', का शुद्ध रूप होगा-
(1) पचास बोरी गुड़ भिजवा देना
(2) पचास गुड़ भिजवा देना
(3) पचास गुड़ों की बोरी भिजवाना
(4) पचास बोरी का गुड़ भिजवाना (1)

133. विदेशज शब्द नहीं है-
(1) कबूतर (2) फुनगी
(3) इज्जत (4) अफसोस (2)

134. तद्भव शब्द है-
(1) आकृष्ट (2) दंभ
(3) यत्न (4) काम (4)

135. 'अध्ययन' शब्द में प्रत्यय है-
(1) अन (2) अधि
(3) न (4) ध्य (1)

136. तत्सम शब्द है-
(1) उपालम्भ (2) गाय
(3) कौआ (4) बाल (1)

137. 'अपना सा मुँह लेकर रहना' का अर्थ है-
(1) खुश होना
(2) मर जाना
(3) चले जाना
(4) लज्जित होना, खिसिया जाना (4)

138. 'आँख रखना' मुहावरे का अर्थ है-
(1) आँखे देखना (2) आँखों में उतरना
(3) निगरानी रखना, परख की सामर्थ्य रखना
(4) तेज होना (3)

139. सामान उतारे गये। इस वाक्य में क्रिया का प्रयोग किस वाच्य के रूप में हुआ है-
(1) भाववाच्य (2) कर्मवाच्य
(3) करणवाच्य (4) कर्तृवाच्य (2)

140. 'अत्यन्त' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है-
(1) अन्त (2) अनु
(3) उप (4) अति (4)

141. स्वर संधि प्रयुक्त शब्द है-
(1) चिन्मय (2) मनोहर
(3) दुश्चरित्र (4) सख्युचित (4)

142. व्यंजन संधि प्रयुक्त शब्द है-
(1) इत्यादि (2) चिन्मय
(3) व्यापक (4) प्रत्येक (2)

143. 'आजन्म' में समास है-
(1) तत्पुरुष (2) कर्मधारय
(3) द्विगु (4) अव्ययीभाव (4)

144. 'जिसका कोई काट न हो सके', के लिए उपयुक्त शब्द है-
(1) अनिर्वचनीय (2) असंभव
(3) अवर्ण्य (4) अकाट्य (4)

145. अयादि संधि प्रयुक्त शब्द है-
(1) पवित्र (2) न्याय
(3) अभ्यास (4) प्रत्यूष (1)

146. 'मेरी आज एक पुराने मित्र से भेंट हुई।' इस वाक्य में विशेषण-शब्द है-
(1) आज (2) भेंट
(3) पुराने (4) मेरी (3)

निर्देश (147 - 150) : निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

समय प्रकृति का दिया हुआ सबसे अधिक मूल्यवान उपहार है। उससे उत्तम कोई धन नहीं है। समय का सदा सदुपयोग करना चाहिए। बीता हुआ समय कभी लौटाया नहीं जा सकता है। जीवन में अनेक लोगों को शिकायत होती है कि समय नहीं था या वे कामना करते हैं कि काश मेरे पास कुछ समय और होता। बहुत से व्यक्ति समय निकलने पर पछताते हुए देखे जा सकते हैं। यह सत्य है कि इन लोगों को कुछ समय और मिल जाता तो परिणाम कुछ और ही होता लेकिन यह संभव नहीं है कि बीते हुए समय को फिर लौटाया जाये। यदि यह अपने कार्य को कुछ समय पहले ही शुरु कर देते तो फिर उन्हें पछताना नहीं पड़ता।

प्रत्येक सफल कार्य का विश्लेषण करने पर ज्ञात होगा कि समय के सदुपयोग ने उस कार्य की सफलता में सर्वाधिक योगदान दिया है। समय पर कार्य करने वाले व्यक्ति को कभी निराशा का मुँह नहीं देखना पड़ता है। समय पर पढ़ने वाला विद्यार्थी असफल नहीं होता है। समय पर किया गया हर कार्य सफलता में परिवर्तित हो जाता है जबकि समय बीतने पर विशेष प्रयत्नों के बाद भी उसे सिद्ध नहीं किया जा सकता है। समय के मूल्य को विपत्तिकाल में ही पहचाना जाता है। यदि समय रहते कार्य किया जाये तो विपत्ति को दूर से ही टाला जा सकता है। इसलिए समय के मूल्य को समझकर कार्य करना चाहिए। अपने जीवन में समय को नष्ट नहीं करना चाहिए।

147. समय का मूल्य कब पहचाना जाता है?
(1) आसन्न काल में (2) आपात काल में
(3) विपत्ति काल में (4) इनमें से कोई नहीं (3)

148. इस अवतरण का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक है-
(1) समय बड़ा बलवान
(2) समय की मांग
(3) समय की ताकत (4) समय ही धन है (1)

149. समय किसके द्वारा प्रदत्त मूल्यवान उपहार है-
(1) प्रकृति (2) मानव
(3) भगवान (4) वैज्ञानिक (1)

150. "समय पर कार्य करने वाले व्यक्ति कभी ........ नहीं होता"
(1) ह्रास (2) निराश
(3) उपयोगी (4) पश्चातापी (2)

## भाग-द : सामान्य ज्ञान

151. 13 अप्रैल, 2011 को 'राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर' का नाम परिवर्तित कर क्या किया गया है?
(1) दामोदर व्यास आयुर्वेद विश्वविद्यालय
(2) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय
(3) जमनालाल बजाज आयुर्वेद विश्वविद्यालय
(4) सी.वी. रमन आयुर्वेद विश्वविद्यालय (2)

152. वर्ष 2011 की जनगणना के अनन्तिम आँकड़ों के अनुसार राजस्थान की जनसंख्या है-
(1) 6,86,21,012 (2) 6,68,20,112
(3) 6,56,86,012 (4) 6,43,86,012 (1)

153. शुंगलू कमेटी जाँच कर रही है-
(1) संसद में हुए नोट के बदले वोट कांड के बारे में
(2) गुर्जरों के पिछड़ेपन की वास्तविकता के बारे में
(3) मेहरानगढ़ दुर्ग में हुए हादसे के बारे में
(4) राष्ट्रमंडल खेलों में हुए भ्रष्टाचार के बारे में (4)

154. हाल ही में कौनसा देश सुनामी के भयंकर प्रकोप का शिकार हुआ है?
(1) ताइवान
(2) उत्तरी कोरिया
(3) जापान
(4) ग्रेट ब्रिटेन (3)

155. अरावली पर्वत शृंखला निम्नलिखित नदी प्रणाली से द्वि-विभाजित होती है-
(1) चम्बल और सरस्वती
(2) चम्बल और साबरमती
(3) नर्मदा और बनास (4) लूनी और बनास (2)

156. 1947 से पूर्व राजस्थान की प्रत्येक रियासत में संवैधानिक सुधार कर उत्तरदायी सरकार बनाने की दिशा में कुछ कदम उठाए गए, सिवाय एक रियासत को छोड़कर। उसका नाम है-
(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) जैसलमेर (4) बीकानेर (3)

157. कोटा का प्रसिद्ध दुर्ग किस नदी के तट पर स्थित है?
(1) कालसिंध (2) चम्बल
(3) बनास (4) बेड़च (2)

158. आठवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि थी-
(1) 1980-85 (2) 1982-87
(3) 1985-90 (4) 1992-97 (4)

159. लोकसंगीत की वह जनजाति जो मुख्यतः नागौर और जोधपुर जिलों में पाई जाती है?
(1) मीरासी (2) कव्वाल
(3) कलावत (4) मांगणियार (1)

160. देश के 14 बड़े व्यावसायिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण कब किया गया?
(1) 19 जुलाई, 1969
(2) 16 जुलाई, 1982
(3) 19 अगस्त, 1969
(4) 19 अक्टूबर, 1969 (1)

Maharath Academy

161. भारत में हरित क्रांति के जनक हैं-
(1) डॉ. एम.ए. स्वामीनाथन
(2) एस.एस. भटनागर
(3) जे.सी. बोस (4) वी.आर. राव (1)

162. संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को कब अंगीकार किया गया था?
(1) 24 अक्टूबर, 1945 (2) 10 दिसम्बर, 1948
(3) 10 दिसम्बर, 1964 (4) 10 दिसम्बर, 1976 (2)

163. राजस्थान का वह लोकदेवता जिसका सम्बन्ध गागरोण से था-
(1) संत पीता (2) रामदेवजी
(3) नामदेवजी (4) मावजी (1)

164. भारत में योजना आयोग राज्यों एवं राष्ट्र में गरीबी का अनुमान लगाने के लिए किसके सूत्र का प्रयोग करता है?
(1) डांडेकर एवं रथ (2) बी.एस. मिन्हास
(3) डी.टी. लकड़ावाला (4) पी.के. बर्द्धन (3)

165. कौनसे भारतीय राज्य की अधिकतम सीमा म्यांमार से स्पर्श करती है-
(1) मणिपुर (2) अरुणाचल प्रदेश
(3) मिजोरम (4) नगालैंड (3)

166. अरब सागर में स्थित भारतीय द्वीपों की सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशिष्टता क्या है?
(1) वे आकार में काफी छोटे है
(2) वे सभी प्रवाल उद्गम के है
(3) वहाँ अति शुष्क जलवायु है
(4) वे मुख्य भूमि के विस्तारित क्षेत्र हैं (2)

167. राज्य सभा का गठन संविधान के किस अनुच्छेद के तहत किया गया है?
(1) अनुच्छेद 80 (2) अनुच्छेद 81
(3) अनुच्छेद 82 (4) अनुच्छेद 83 (1)

168. गायत्री मंत्र (देवी सवित्री को संबोधित) किस पुस्तक में मिला है?
(1) ऋग्वेद (2) यजुर्वेद
(3) उपनिषद् (4) भगवद्गीता (1)

169. संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष कौन थे?
(1) बी.आर. अंबेडकर (2) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(3) सच्चिदानंद सिन्हा (4) के.एम. मुंशी (3)

170. सूफी सिलसिला (संप्रदाय) मूलतः संबंधित है-
(1) हिन्दूवाद (2) सिक्खवाद
(3) इस्लाम (4) बौद्धवाद (3)

171. 'कायदे आजम' किसे कहा जाता है?
(1) मोहम्मद अली जिन्ना
(2) भगत सिंह (3) महात्मा गाँधी
(4) जवाहर लाल नेहरू (1)

172. भारत में प्रथम रेल लाइन निम्नलिखित में से किसने बिछवाई थी?
(1) विलियम हड़ले (2) रोजर स्मिथ
(3) जार्ज क्लार्क (4) वारेन हेस्टिंग्स (3)

173. निम्नलिखित में से किससे सेबी (SEBI) सम्बन्धित है?
(1) बैंकिंग से (2) शेयर बाजार से
(3) बीमा से (4) बैंकिंग और बीमा से (2)

174. जहाँगीर के काल में एक विशेष प्रकार की चित्रण शैली का विकास हुआ, वह है-
(1) भित्ति चित्रकारी
(2) छवि चित्रकारी
(3) प्रकृति की चित्रकारी
(4) त्रिविम चित्रकारी (2)

175. WTO का पूर्ववर्ती नाम था?
(1) UNCTAD (2) GATT
(3) UNIDO (4) DECD (2)

176. कृषि का सबसे आदिम स्वरूप कहलाता है-
(1) स्थानान्तरित कृषि (2) विशिष्ट कृषि
(3) स्थायी कृषि (4) रोपण कृषि (1)

177. भारत का वह प्रथम राज्य जिसने सिंचाई साधनों के प्रबंध में किसानों को भी भागीदार बनाया है?
(1) राजस्थान (2) आंध्रप्रदेश
(3) केरल (4) महाराष्ट्र (2)

178. स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल कौन थे?
(1) लार्ड एटली
(2) लार्ड माउंटबेटन
(3) सी. राजगोपालाचारी
(4) राजेन्द्र प्रसाद (2)

179. भारत की समस्त बाघ परियोजनाओं में सबसे सघन बाघ क्षेत्र है-
(1) कान्हा–किसलय (2) मानस
(3) पलामू (4) सिमलीपाल (2)

180. तैमूर ने अपनी आत्मकथा 'तुजुक-ए-तैमूरी' में किस किले को पूरे हिन्दुस्तान का एक मजबूत और सुरक्षित किला बताया है?
(1) चित्तौड़ का किला (2) रणथम्भोर का किला
(3) अकबर का किला (4) भटनेर का किला (4)

181. कौनसी ग्रंथि शरीर का तापस्थापी मानी जाती है?
(1) थाइरॉयड (2) पिट्यूटरी
(3) पिनियल काय
(4) अधश्चेतक (हाइपोथैलमस) (4)

182. द्वितीय पंचवर्षीय योजना का प्रारूप किसने तैयार किया-
(1) बी.एन. गाडगिल
(2) बी.के.आर.वी. राव
(3) पी.सी. महालनोबिस
(4) सी.एन. वकील (3)

183. राजस्थान में सूर्य मंदिरों के वास्तु की विशेषता रही है-
(1) चक्र ध्वज (2) चन्द्र ध्वज
(3) सूर्य ध्वज (4) गणेश ध्वज (1)

184. बंगाल की खाड़ी में मिलते समय ब्रह्मपुत्र का क्या नाम हो जाता है?
(1) गंगा (2) जमुना
(3) पद्मा (4) मेघना (2)

185. तबला वादन के क्षेत्र में पद्म विभूषण प्राप्त करने वाले ये एकमात्र व्यक्ति जिनका वर्ष 2009 में निधन हो गया-
(1) के. रविशंकर (2) एस.वी. व्यास
(3) किशन महाराज (4) इनमें से कोई नहीं (3)

186. बिजोलिया आंदोलन में किस जाति के किसान सर्वाधिक संख्या में थे?
(1) पूसा (2) धाकड़
(3) मनसा (4) शम्भा (2)

187. मैथान, बाल पहाड़ी एवं तिलैया बाँध किस नदी पर बनाये गये हैं?
(1) दामोदर (2) बराकर
(3) कोनार (4) बोकारो (2)

188. सुल्तानपुर पक्षी विहार किस राज्य में स्थित है?
(1) उड़ीसा (2) हरियाणा
(3) उत्तर प्रदेश (4) राजस्थान (2)

189. पंजाब के जालंधर जिले के किस गाँव को 'नर्सरी ऑफ हॉकी प्लेयर्स' कहा जाता है?
(1) कुम्हार गाँव (2) बेलघरिया
(3) संसारपुर (4) चलियादेह (3)

190. वीर भारत सभा की स्थापना की-
(1) अर्जुनलाल सेठी
(2) केसरी सिंह बारहठ एवं राव गोपालसिंह खरवा
(3) विजयसिंह पथिक (4) उपर्युक्त सभी (4)

191. मानव शरीर में विटामिन A संचित करता है-
(1) यकृत (2) अमाशय
(3) तिल्ली (4) उदर (1)

192. भारत के सूती वस्त्र उद्योग के मुम्बई से अहमदाबाद की ओर स्थित्यान्तरण की प्रवृत्ति का मूल कारण क्या है?
(1) अहमदाबाद में भूमि मुम्बई की अपेक्षा सस्ती है।
(2) अहमदाबाद को मुम्बई की अपेक्षा आयात–निर्यात की सुविधाएँ अधिक प्राप्त हैं।
(3) अहमदाबाद में निर्मित उच्च कोटि के वस्त्रों की भारत तथा विदेशों में बड़ी माँग है।
(4) इस उद्योग को अहमदाबाद में पूर्वारम्भ का लाभ प्राप्त है। (1)

193. भाटी राजपूतों की राजधानी थी-
(1) लाडपुर (2) लोद्रवा
(3) जहाजपुर (4) ददरेवा (2)

194. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का अध्यक्ष बनने वाला प्रथम भारतीय कौन है?
(1) एम. पतंजलि शास्त्री
(2) मोहम्मद अख्तियार खाँ
(3) डॉ. नगेन्द्र सिंह (4) मेहर चन्द महाजन (3)

195. भारत स्टॉर्च कैमिकल लि. की स्थापना यमुनानगर में कब हुई थी?
(1) 1929 में (2) 1932 में
(3) 1938 में (4) 1948 में (3)

196. शरीर से मूत्र स्त्राव की मात्रा बढ़ जाने को कहा जाता है-
(1) मूत्राधिक्य
(2) मूत्रलता अथवा डाइयूरोसिस
(3) डाइलेरियसिस (4) मूत्रचाप (2)

197. कर्क रेखा व 80° पूर्वी देशान्तर भारत को चार चतुर्थांशों में विभाजित करते हैं। किस चतुर्थांश में कपास उत्पादन के सर्वाधिक क्षेत्र स्थित हैं?
(1) दक्षिण–पूर्व (2) उत्तर–पूर्व
(3) दक्षिण–पश्चिम (4) उत्तर–पश्चिम (3)

198. जो व्यक्ति सांसद न हो, क्या उसे मंत्री नियुक्त किया जा सकता है?
(1) नहीं
(2) हाँ
(3) हाँ, यदि संसद उस व्यक्ति का अनुमोदन कर दे
(4) हाँ, पर उसे 6 महीनों के भीतर संसद सदस्य बनना होगा (4)

199. निम्नलिखित में से किस शहर में जलियांवाला बाग सामूहिक हत्याकांड हुआ था?
(1) जालंधर (2) पटियाला
(3) भटिंडा (4) अमृतसर (4)

200. विमलशाही के मंदिर का निर्माण किस महान शिल्पकार के निर्देशन में किया गया?
(1) शिल्पी मंडन (2) शिल्पी कीर्तिधर
(3) विद्याधर भट्टाचार्य (4) देवधर (2)

❑❑❑

Maharath Academy